गिरफ्तारी | 25 आपराधिक प्रकरणों में लिप्त आरोपी से 50 हजार का सामान बरामद

# मुख्य बाजार की चोरी का पर्दाफाश, शातिर चोर गिरफ्तार

**नरसिंहपुर/सालीचौका।** नगर के मुख्य बाजार में हुई किराना दुकान चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया करीब 50 हजार रुपये का सामान बरामद किया है। शनिवार को गाडरवारा एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया।



### शिकायत पर बनी विशेष टीम

बीते दिनों नगर के किराना व्यापारी आजाद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दुकान से अज्ञात चोर कीमती किराना सामग्री चोरी कर ले गया है। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने सबसे पहले सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। साथ ही मुखबिरों से भी संपर्क साधा गया।

### शातिर बदमाश का आपराधिक रिकॉर्ड

मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान रमेश उर्फ भूरा रजक निवासी करेली के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई किराना सामग्री बरामद की गई। इसमें तेल, दाल, ड्राईफ्रूट्स और अन्य कीमती सामान शामिल है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है। एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कोई साधारण चोर नहीं है, बल्कि उस पर विभिन्न थानों में करीब 25 आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। आरोपी अक्सर ट्रेन से सफर कर इलाके की रेकी करता था और फिर मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस टीम की सराहना इस बड़ी सफलता में पुलिस टीम की सक्रियता और सतर्कता की अहम भूमिका रही। एएसपी संदीप भूरिया, एसडीओपी गाडरवारा रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक, उपथाना, प्रभारी सालीचौका उप निरीक्षक वर्षा धाकड़, प्रधान आरक्षक करन सिंह, आरक्षक हरिशंकर पटवा, राजेंद्र धाकड़, जमना प्रसाद रजक, हरिशंकर, सहित सभी की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने पूरी टीम की सराहना करते हुए इसे कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## कई जिलों में सक्रिय कुख्यात अपराधी पकड़ाया

**गोटेगांव।** नरसिंहपुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश मीना के निर्देश पर गोटेगांव पुलिस ने अभियान चलाकर इस कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों की हेराफेरी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी के पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गोटेगांव पुलिस की दो अलग-अलग कार्यवाहियों में आरोपी भाईलाल पटेल और कृष्णकांत पटेल को गिरफ्तार किया गया है। भाईलाल पटेल के पास से 2 देशी कट्टे, 8 जिंदा कारतूस और एक वेगनार कार बरामद हुई, जबकि कृष्णकांत पटेल निवासी दबकियां से 1 रिवॉल्वर और 2 कारतूस जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और दमोह में सक्रिय इस कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इससे न केवल गोटेगांव क्षेत्र बल्कि आसपास के जिलों में भी अवैध हथियारों की सप्लाई पर बड़ा असर पड़ेगा।

# स्वच्छता जागरूकता व नशा मुक्ति व्याख्यान कार्यक्रम

**गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार सेवा पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम प्राचार्य अन्नपूर्णिमा कोस्टा के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश मिश्रा के निर्देशन में छात्र-छात्राएं के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता जागरूकता एवं नशा मुक्ति व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जालम सिंह पटेल ने महाविद्यालय में चल रही अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में संयुक्त प्रेरणा दाई उद्बोधन देकर छात्र एवं छात्राओं को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया, उक्त कार्यक्रम में हाकमसिंह चढार राजकुमार जैन एसएन मिश्रा डॉ राजेंद्रसिंह राजपूत की महाविद्यालय परिवार से डॉ रुक्मणी अहिरवार डॉ एकता उपाध्याय डॉ सचिन उमेर डॉ सुजाता कोरी स्पोर्ट्स ऑफिसर टीना सोनी संदीप राजपूत चंद्रशेखर प्रियांशु नामदेव राजेश पटेल आंचल सोनी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों की गरिमामय उपस्थिति रही।



# शासकीय विद्यालय कुम्हड़ाखेड़ा में चला स्वच्छता अभियान

**गोटेगांव।** गोटेगांव के समीपवर्ती कुम्हड़ाखेड़ा के शासकीय विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत सभी विद्यार्थियों एवं आंगनवाड़ी में उपस्थित महिलाओं को मोदी की स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं की निशुल्क जांच के विषय में उन्हें जानकारी दी एवं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और उपस्थित समस्त महिलाओं द्वारा मैदान मेंस्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई पर जोर दिया साथ ही समाजसेवीका स्नेहलता श्रीवास्तव द्वारा महिलाओं के हित में चल रही योजनाओं की जानकारी एवं रेबीज के विषय में उन्हें सावधान किया एवं बच्चों को भी इस विषय में जानकारी दी गई।





# सहायक संचालक एवं बीआरसी ने किया निरीक्षण

**गाडरवारा।** गत दिवस सहायक संचालक सीमा डोंगरे एवं बीआरसी संदीप स्थापक ने ग्राम झांझनखेड़ा के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनका शैक्षिक मूल्यांकन किया एवं कहा कि बच्चों की एफएलएन एवं एटग्रेड वर्कबुक नियमित रूप से जांचे एवं अशुद्धियों पर गोला लगाएं। बच्चों को सुलेख एवं पहाडे का अभ्यास कराएं एवं सभी शिक्षक कर्मयोगी प्रशिक्षण पूर्ण करें।

इस दौरान बीआरसी स्थापक ने शर्मा परिवार गाडरवारा द्वारा प्राथमिक शाला के लिए प्रदत्त 5000 रु की राशि भी शिक्षकों एवं अखिलेश शर्मा को दी। इस अवसर पर शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। निरीक्षण उपरांत स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

# शक्कर नदी में पितृपक्ष के दौरान पुरखों को जल तर्पण कर आर्शीवाद लिया

**गाडरवारा।** स्नानदान पूर्णिमा से शुरू हुये पितृ पक्ष के चलते शहर की शक्कर नदी सहित माँ नर्मदाजी के तटों से लेकर गांव गांव नदियों में लोगों द्वारा प्रतिदिन सुबह से ही अपने पूर्वजों को जल तर्पण श्रद्धा के साथ अपने पितरों की शांति के लिए श्राद के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

इसी के चलते शहर की शक्कर नदी में प्रतिदिन सुबह बड़ी संख्या में में लोग पहुंचकर विद्यवान पंडितों के मार्ग दर्शन में द्वारा हिन्दू संस्कृति सहित मंत्रोच्चारण करते हुए लोगों से उनके पितरों को जल आर्पित कराते हुए उन्हे पितरों का आशीर्वाद दिला रहे है जिसके चलते लोग अपने पूर्वजों को याद करते हुये जल तर्पण कर रहे है। ज्ञात हो कि मनुष्य पर आजीवन देव, ऋषि, पितरों का ऋण रहता है जिसे चुकाना भारत के धर्मशास्त्रों के अनुसार अनिवार्य है। इन ऋणों से मुक्ति के लिए हिन्दू धर्म में सोलह श्राद्ध करने का विधान भी है, जिसका पालन समर्पित भावना से सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाला हर व्यक्ति करता है। इस प्रकार श्राद्ध और तर्पण करने से पितरों को तृप्ति मिलती है। पूरे विधि विधान से अपने पितरों को तर्पण करने से एवं श्राद्ध से व्यक्ति को पितृ दोष मुक्त होते है तथा अनेक प्रकार के कष्टों से निजात मिलती है। इसी के चलते इस समय चल रहे पितृपक्ष के दौरान सोलह श्राद्ध पितृ पक्ष में मांगलिक कार्यो पर विराम लगने के दौरान लोग अपने पितरों की याद में खोये हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर बड़ी संख्या में ग्राम के लोग ऊमर नदी पहुंच कर नदी में स्नान करने के उपरांत पंडितों के मंत्रोंच्चारण के बीच सुबह कुशा, दूध, पानी, तिल, फूल के साथ पितरों को जल तर्पण करते हुये उन्हें याद किया जा रहा है, पितृ पक्ष को लेकर विद्वमान पंडितों ने जानकारी देते हुए बताया है कि पितृ दोष व्यक्ति का जीवन पूरी तरह तबाह कर सकता है। ऐसे व्यक्ति के हर काम में बाधा आती है और पारिवारिक जीवन में खुशी की कमी होती है और वह परेशानियों से घिरा रहता है, जिसके चलते हिन्दू धर्म के मुताबिक सभी को अपने पूर्वजो को याद किया जाता है।



# सरकारी बैकों में दलालों का राज ग्रामीण हो रहे परेशान

**गाडरवारा।** प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है।

किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में आसानी से देखा जा सकता है, जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है क्षेत्र के कुछ किसानों ने से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनो क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, वही किसान अपना किसान केडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है, जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है। वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है।

## एक नजर में

### तालाब में डूबने से दो की हुई मौत

**गोटेगांव।** थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भामा में पिता और पुत्र अपने खेत गए हुए थे तभी अचानक से 7 साल का पुत्र तनिष्क ठाकुर खेत के पास बने तालाब में चला जाता है तभी पिता हरिशंकर ठाकुर और उसका दोस्त महेश यादव तनिष्क तालाब में जाने से मना करती हैं और जब तनिष्क तालाब में डूबने लगता है तो उसको बचाने हरिशंकर का दोस्त महेश यादव तालाब में उतरता है और तालाब का जलस्तर अधिक होने के कारण 7 वर्षीय तनिष्क और महेश यादव 47 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो जाती है,, मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया।

### आदिवासी ग्राम मर्रावन में ग्रामसभा का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आदिवासी ग्राम पंचायत मर्रावन में भ्रमण किया गया स्थानीय लोगों से उनकी समस्याओं को जाना गया फिर सामुदायिक कार्य हितग्राही मूलक कार्यों का ग्राम सभा के माध्यम से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान ग्राम सभा सदस्यों के द्वारा अधिकारी वर्ग के समक्ष जो मांगे रखी गई उन्हें पंजीबद्ध किया गया।

### भारत में नहीं दिखेगा सूर्यग्रहण, श्राद्ध तर्पण पर कोई प्रभाव नहीं

**तेंदूखेड़ा।** आज पितृ मोक्ष अमावश्या पर लगने वाला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह ग्रहण न्यूजीलैंड पश्चिमी अंटार्कटिका दक्षिणी प्रशांत महासागर में दिखाई देगा। ग्रहण एक दृश्य पर्व है ।जहां दिखाई देता है वहीं इसका प्रभाव होता है। इसलिए इसका किसी भी प्रकार का सूतक बेध यम नियम नहीं माना जायेगा ।संवत 2082 में दो सूर्यग्रहण और दो चन्द्र ग्रहण लगने हैं। दोनों सूर्यग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे। आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से प्रारंभ पितृ पक्ष आज सर्वपित्री अमावश्या के साथ समाप्त हो जायेगा। आज अज्ञात तिथि बाले पितरों और चतुर्दशी के दिन मृत्यु को प्राप्त लोगों के निमित्त श्राद्ध करना चाहिए। अथवा पितृपक्ष में सूतक आदि किसी कारण वश पुण्य तिथि पर श्राद्ध न करने पर आज अमावश्या को श्रा छतद्ध किया जा सकता है। श्रद्धा पूर्वक श्राद्ध तर्पण और पितरों के पूजन के साथ पितृ विसर्जन कर महालय का समापन हो जायेगा।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन 22 को

**तेंदूखेड़ा।** नगर की अग्रवाल समाज द्वारा अपने कुल युगपुरुष महाराजा अग्रसेन जी का जयंती महापर्व विगत 18 सितंबर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शुरू हो गई है। जो 22 सितंबर को अग्रसेन जयंती शोभा यात्रा के साथ संपन्न होगी। नगर के बीच श्रीराम जानकी मंदिर परिसर के बाजू से अग्रसेन भवन में अलग-अलग दिवसों में छोटे छोटे बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। बच्चों और परिजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** विगत 17 सितंबर से आने वाले 2 अक्टूबर तक माननीय प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत विगत दिवस शासकीय स्वास्थ्य क्रेन्द्र तेंदूखेड़ा में रक्तदान स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने रक्तदान किया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल नगर परिषद अध्यक्ष बिष्णु शर्मा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटैल पार्षद संतोष पटेल,संतोष लोधी राहुल रजक सहित अस्पताल का स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।



# बार-बार हो रही बिजली गुल से खराब हो रहे विद्युत उपकरण

**गोटेगांव।** गोटेगांव के करकबेल क्षेत्र अंतर्गत एक माह से लगातार लाइट फॉल्ट हो रही है जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं ग्रामीणों का कहना है की 24 घंटे वाली सुचारू रहने वाली लाइट कम से कम 20 बार दिन में बंद चालू की जाती है रात्रि में अत्यधिक लाइट काटी जा रही है पूर्व में भी संबंधित अधिकारीयों को इस लाइट के विषय में जानकारी दी जा चुकी है उसके बाद भी कोई सुधार कार्य नहीं किया जा रहा है विभागीय लापरवाही के चलते परेशान होकर ग्रामीणो ने स्थानीय एमपीवी ऑफिस पहुंचकर मुख्य अभियंता के नाम से एक ज्ञापन सौंपा जिसमें चेतावनी देते हुए बताया कि यदि स्थानीय क्षेत्रवासियों के बिजली की समस्या का हल नहीं होगा तो ऑफिस के सामने धरना देंगे अटल ज्योति का नाम रखकर आदरणीय वाजपेई जी को दुखी किया जा रहा है इस समय कृषकों की सिंचाई का लोड भी नहीं है पर आए दिन लाइट नदारत रहती है। विगत 6 माह से एमपीवी ऑफिस जूनियर इंजीनियर यहां पर पदस्थापना नहीं होने से लगभग संबंध संबंधित क्षेत्र के 40-50 गांव एवं स्थानीय नागरिक अपनी समस्याओं का हल नहीं करवा पा रहे हैं।

## कामेश्वर मंदिर में हो रही रामचरितमानस की व्याख्या

**गोटेगांव।** विगत दिवस झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित कामेश्वर मंदिर में रोजाना शाम 4-30 बजे से पितृपक्ष के उपलक्ष में राम किशोर शास्त्री द्वारा रामचरितमानस की व्याख्या भगवान कामेश्वर मंदिर में की जा रही है साथ ही आगंतुक सभी सन्यासी ब्रह्मचारी संत महात्मा ब्राह्मण देवताओं का पूजन किया जा रहा है जिसमें सतगुरु सेवा समिति द्वारा सभी गुरु भक्त आराधना उत्सव में भाग ले रहे हैं ! कामेश्वर मंदिर की महिमा बताते हुए पंडित रविशंकर शास्त्री ने बताया कि विश्व में एकमात्र कसौटी का विशाल शिवलिंग है साथ ही ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति के द्वारा भगवान की कैसे प्राप्ति होती है वहीं उपस्थित दंडी स्वामी श्री राघवानंद श्री दामोदर आनंद श्री सिद्धानंद द्वारा भगवान रामजी के वनवास का मार्मिक वर्णन किया।



# ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत साधारण सभा

**नरसिंहपुर।** विकासखंड गोटेगांव के बेलखेड़ी शेड पंचायत सभागार में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के गठित मां नर्मदा संकुल स्तरीय संगठन बरहटा की वार्षिक साधारण सभा बैठक हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष संध्या लोधी ने की। बैठक की शुरूआत कार्यकारिणी समिति सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर समिति के पदाधिकारी व विभिन्न ग्राम संगठनों की महिला सदस्य शामिल हुई। इस क्रम में वर्ष 2025-26 की वार्षिक लक्ष्य एवं उपलब्धियों आगे की कार्य योजना की समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्तमान में मां नर्मदा सीएलएफ 15 पंचायतें, 22 ग्राम, 438 स्वयं सहायता समूह व 32ग्राम संगठन जुड़े हैं। इसमें चक्रीय निधि, आजीवीका ऋण, बैंक ऋणपर चर्चा और कृषि गैर कृषि गतिविधियों पर व अन्य क्षेत्र में महिलाओं की सशक्तिकरण व सामुदायिक विकास का सशक्त होने पर सामूहिक चर्चा एवं कृषि सखी बैंक सखी सीआरपीओ ने अपने-अपने विषय की जानकारी सभी को दी और अंत में आगामी वर्ष के लक्ष्यो को हासिल करने के संकल्प साथ कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में लक्ष्मी कोरी सविता , शकुन लोधी ज्योति, वर्षा ,राजकुमार, कोमल जगदीश एवं बड़ी संख्या में समूह सदस्य मौजूद रहे।

# 5 दिवसीय प्राकृतिक आरोग्य शिविर का समापन

## समापन दिवस पर कलेक्टर शीतला पटले शामिल

**करेली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के स्वास्थ्य आंदोलन के अंतर्गत करेली प्रेस परिषद द्वारा आयोजित 5 दिवसीय प्राकृतिक आरोग्य शिविर का समापन हुआ। शिविर 16 से 20 सितंबर तक प्रतिदिन प्रात: 6 से 10 बजे तक संस्कार मैरिज गार्डन, करेली में आयोजित किया। शिविरार्थियों को योगाभ्यास विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम की विधियां सिखाई गईं। मिट्टी चिकित्सा के साथ-साथ प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के उपायों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि योग,सात्विक आहार एवं प्राकृतिक चिकित्सा शरीर को निरोगी एवं ऊर्जावान बनाने के साथ मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करते हैं। शिविर में मधुमेह, मोटापा, कब्ज, एसिडिटी, रक्तचाप, हृदय रोग, दमा, अनिद्रा, तनाव सहित कई बीमारियों से राहत दिलाने हेतु प्राकृतिक पद्धतियों का उपयोग किया गया। शिविर में साध्य और असाध्य दोनों प्रकार की बीमारियों के समाधान व मार्गदर्शन दिए गए। लगभग 50 शिविरार्थियों ने पांच दिवसीय आयोजन से स्वास्थ्य लाभ के साथ आत्मिक शांति अनुभव किया। समापन दिवस पर नरसिंहपुर कलेक्टर शीतला पटले शामिल शिविर के समापन पर नरसिंहपुर कलेक्टर शीतला पटले ने प्रेस परिषद एवं गायत्री परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग मानव जीवन को स्वस्थ एवं सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रेस परिषद द्वारा किया गया यह प्रयास अनुकरणीय है।



### सम्मान एवं आभार प्रदर्शन

समापन पर करेली प्रेस परिषद ने शिविर का संचालन करने वाले योगाचार्य दीपांकर एवं उनकी पूरी टीम का सम्मान किया। सहयोगी संस्था गायत्री परिवार ने प्रेस परिषद एवं सभी सदस्यों का अभिनंदन, किया।

### शिविरार्थियों का अनुभव

करेली प्रेस परिषद ने करेली स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में विशिष्ट सहयोग प्रदान करने पर बीएमओ अदिति धुर्वे एवं स्टाफ का भी सम्मान किया। शिविर में शामिल प्रतिभागियों ने इसे जीवन बदलने वाला अनुभव बताया, इस आयोजन से उन्हें आधुनिक जीवनशैली में प्राकृतिक ढंग से जीने की नई दिशा मिली है। चिकित्सा पद्धति ने उनके स्वास्थ्य व मनोबल को सुदृढ़ किया। प्रेस परिषद अध्यक्ष अनुज ममार,सचिव मनोज लुणावत, वरिष्ठ पत्रकार सतीश जैन,विवेक खासकलम,प्रवीण कौरव सहित प्रेस परिषद के सदस्य एवं अवधेश कौरव, आर.एन. कौरव, राजकुमारी दीदी, योगाचार्य दीपांकर एवं उनकी टीम सहित नगर के अनेक नागरिक व शिविरार्थी उपस्थित रहे।



# मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय जीर्णोद्धार पर चर्चा

**नरसिंहपुर।** शहर का ऐतिहासिक मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय के पुनरुद्धार का फैसला अब नवरात्र के बाद हो पाएगा। वर्तमान संचालन समिति के अध्यक्ष सुमित झिरा ने शनिवार को हुई बातचीत में निर्णय करने फिर समय लिया। इसके पहले 9 सितंबर को हुई बैठक में 16 सितंबर तक का फिर 20 सितंबर तक का समय वे ले चुके है। विद्यालय जीर्णोद्धार के लिए इच्छुकजनों ने आज फिर लंबी चर्चा कर पूर्व की भांति उन्हें स्कूल ही निर्माण शुरू करने या निर्माण के इच्छुक लोगों को समिति प्रदान करने और जो भी फाइनल फैसला हो बताने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय की लगभग 40 सालों से संस्कृत विद्यालय में जो समिति कार्यरत है। उसके द्वारा कोई भी विकास कार्य नहीं किया, न ही रखरखाव किया। जिससे विद्यालय तकरीबन गिरने की कगार पर है।न तो वहां शिक्षकों की नियुक्ति है,न ही वहां संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था है। इस बुरी स्थिति में 4 सितंबर को विद्यालय में ही एक बैठक हुई।